# पृथ्वी के तापमान में असंतुलति परविर्तन

संदर्भ

हाल ही में कयिे गए अध्ययनों में पाया गया है कि ग्रह धीरे-धीरे अपने तापमान में एक अपरविर्तनीय परविर्तन का अनुभव कर रहा है जो लगातार बढ़ता जा रहा है। पृथ्वी अपने तापमान में संतुलन के साथ ही वभिन्नि पारस्थितिकि तंत्रों के अस्तत्वि को भी बनाए रखती है। हालाँकि, होलोसीन के स्थरि युग में मानव की उपस्थति ने इस संतुलन को लगातार प्रभावति किया है। सामाजकि और आर्थकि परविर्तन इस ग्रह को "चरमावस्था"/"टपिगि प्वाइंट" की ओर धकेल रहे हैं और यह एक ऐसा बदि है जसिके बाद हमारा ग्रह एक सीमा के बाद तापमान को स्थरि रखने में सक्षम नहीं होगा।

### मानव का पृथ्वी के संतुलन पर प्रभाव

- पृथ्वी सकारात्मक और नकारात्मक प्रतक्रियाओं को संतुलति करके अपने संतुलन को बनाए रखती है।
- सकारात्मक प्रतक्रिया पारस्थितिकी तंत्र के परविर्तन में और इजाफा करती है। इसे ग्रीनलैंड की बर्फ के पघिलने के रूप में देखा जा सकता है, जहाँ पघिला हुआ पानी सूरज की रोशनी को अवशोषति करता है और पुनः बर्फ के पघिलने का कारण बनता है।
- वहीं दूसरी तरफ, नकारात्मक प्रतक्रिया को वायुमंडल में $CO_2$ की वृद्धि के बाद होने वाले रासायनकि अपक्षय के रूप में देखा जा सकता है।
- जब सकारात्मक प्रतक्रिया नकारात्मक प्रतक्रिया की तुलना में मज़बूत हो जाती है, तो प्रणाली में अचानक परविर्तन हो सकता है और यह संतुलन के दायरे से बाहर नकिल सकता है।
- जलवायु परविर्तन में वृद्धि या कमी की प्रक्रिया पृथ्वी के जीवमंडल के संतुलन को प्रभावति करती है।
- वर्तमान युग जसि एंथ्रोपोसनि युग के नाम से जाना जाता है, मानव प्रभाव के कारण पृथ्वी की भौगोलकि प्रणाली में परविर्तन को देख रहा है।
- मानव सक्रयि रूप से जीवाश्म ईंधन और वनों की कटाई को प्रोत्साहन दे रहा है, जसिसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि हुई है और अब यह जलवायु परविर्तन का कारण भी बन रहा हैं तथा यह प्रक्रिया पृथ्वी की संपूर्ण प्रणाली को चरमावस्था/टपिगि पॉइंट की ओर धकेल रही है।

### चरमावस्था/टपिगि पॉइंट क्या है?

- एक टपिगि पॉइंट एक भौगोलकि थ्रेसहोल्ड है, जसिके आगे प्रणाली एक स्थरि स्थति से दूसरी स्थति में स्थानांतरति हो जाती है।
- शोधकर्त्ताओं ने तर्क दयि है कि अगले दशक के अपनाई गई प्रौद्योगकियों की प्रवृत्ति और नर्णिय क्षेत्रीय टपिगि पॉइंट्स पर अत्यधकि प्रभाव डाल सकते हैं, जो बदले में ग्रह को "ऊष्मा गृह" के रूप में परविर्तति करने वाले पारस्थितिकि तंत्र को अपरविर्तनीय रूप से बाधति कर सकता है।
- जंगल की आग के कारण अमेज़ॅन वन का वनािश, जलवायु परविर्तन से मोटी बर्फ की परतों का क्षय, महासागरों द्वारा $CO_2$ का कम अवशोषण या ध्रुवीय बर्फ चोटयिों का पघिलना आदि को क्षेत्रीय टपिगि पॉइंट्स के वभिन्नि उदाहरणों के रूप में देखा जा सकता है, जो संपूर्ण पृथ्वी की प्रक्रिया को संतुलति करते हैं।

### आगे की राह

- यहाँ तक कि यदि वर्ष 2015 के पेरसि समझौता को लागू कयिा जाए और जलवायु परविर्तन को 2 डग्रिी सेल्सयिस से नीचे रखा जाए, तब भी पृथ्वी का "ऊष्मा गृह" में परविर्तति होने का जोखमि अपरहिार्य हो सकता है।
- ग्रह के स्थायत्वि हेतु सुदृढ़ और सतत कार्रवाई को पहचाने जाने की ज़रूरत है जो पृथ्वी की संपूर्ण प्रणाली को सुरक्षति रखने में उपयोगी हो।
- ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाना और कार्बन संकि को बढ़ावा देना तथा उन नवाचारों को बढ़ावा देना जसिसे सौर वकिरिण को ऊर्जा में बदला जा सके, के माध्यम से कार्बनडाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम कयिा जा सकता है।
- ये सभी बुनयिादी ढाँचे, सामाजकि और संस्थागत परविर्तनों के अलावा, गर्म परस्थितियों में अनुकूलन समय की आवश्यकता है।
- ऊर्जा दक्षता में सुधार के साथ तकनीकी नवाचार, व्यवहार, मूल्यों और शासन में प्रमुख परविर्तन से ग्रह के "ऊष्मा गृह" में परविर्तति होने से बचने की उम्मीद है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pulling-back-from-the-brink